भारत में नजरबन्द चीनी राष्ट्रजन

2191. **श्री ओंकार लाल बेरवा :** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि चीनी राष्ट्रजनों ने, जो अभी भारत में नजरबन्द हैं, चीन जाने से इनकार कर दिया है; और

(ख) यदि हां, तो ऐसे चीनी राष्ट्रजनों की संख्या कितनी है और उन्हें कहां नजरबन्द किया गया है तथा कितने समय के लिये ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी हां।

(ख) केन्द्रीय नजरबन्दी कैम्प, देवली में नजरबन्द चीनी राष्ट्रजनों की संख्या 15 अगस्त, 1965 को 157 थी। इसके अलावा आसाम, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और पंजाब की जेलों में 36 चीनी राष्ट्रजन नजरबन्द हैं। फिलहाल यह बताना मुमकिन नहीं है कि इन चीनी राष्ट्रजनों को कब तक नजरबन्द रखना जरूरी होगा।

दिल्ली प्रशासन के मोटर गाड़ी निरीक्षकों के निवास स्थानों पर छापे

2192. { **श्री प० ला० बाल्पाल :**
श्री बागड़ी :
श्री मोहन स्वरूप :
श्री सिद्धेश्वर प्रसाद : }

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 6 अगस्त, 1965 को केन्द्रीय जांच ब्यूरो के कर्मचारियों ने दिल्ली परिवहन निदेशालय तथा दिल्ली पुलिस के कुछ मोटरगाड़ी निरीक्षकों के निवास स्थानों पर छापे मारे थे;

(ख) यदि हां, तो कितने अधिकारियों के मकानों पर छापा मारा गया और कुल कितनी राशि कब्जे में ली गई; और

(ग) क्या इन अधिकारियों के विरुद्ध कोई अन्य कानूनी कार्यवाही भी की गई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी, हां।

(ख) 8 अधिकारियों के निवास स्थानों की तलाशी ली गई। कुल 2,32,601 रु० नकद और सोने के जेवरों आदि की शक्ल में तथा 1,67,127 रु० इनामी बांडों, शेयरों आदि की शक्ल में पकड़े गए।

(ग) तीन अधिकारियों के खिलाफ़ भ्रष्टाचार निरोध अधिनियम, 1947 के अधीन मामले दर्ज कर लिये गये हैं। शेष 5 अधिकारियों के बारे में सम्बन्धित अभिलेखों की जांच की जा रही है और उन मामलों में आगे की जाने वाली कार्यवाही पर पड़ताल समाप्त होने के बाद विचार किया जायगा।

Kidnapping of a Minor Girl in Delhi

2193. { **Shri Daljit Singh:**
Shri Sadhu Ram: }

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a 13 year old girl was lifted by some persons on the 10th May, 1965 near Najafgarh Drain in Delhi; and

(b) if so, the action taken in the matter?

The Deputy Minister in the Ministry of Home Affairs (Shri L. N. Mishra): (a) Yes, Sir.

(b) Two persons are suspected to be involved in this case. One has been arrested. The other person has been declared a proclaimed offender and proceedings under section 512 of Criminal Procedure Code are being taken against him. Vigorous efforts are being made by the Delhi Police to trace the girl.